मु०न० - 245/2025 तहसीलदार / कल्पादेवी वगैरा.

राजस्थान सरकार

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी जैतारण (ब्यावर) राज.

E-Mail : sdojaitaran@gmail.com Phone No : 02939-222223

क्रमांक/कोर्ट/2025/667

दिनांक :-29/7/25

-: आदेश :-

श्रीमान जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, ब्यावर के आदेश क्रमांक/कब्या/भू.अ./2024/95 दिनांक 05.12.2024 की अनुपालना में आमजन की सुविधा हेतु ग्रामीण आबादी और खेतों के लिए "रास्ता खोलो अभियान" के अन्तर्गत वर्षो से मौके पर चलायमान रास्ता को भू-अभिलेख में गैर मुमकीन रास्ता अंकित करने हेतु तहसीलदार (भू.अ.) जैतारण के पत्र क्रमांक/भू.अ./2025/1608 दिनांक 25.04.2025 द्वारा अभिशंषा सहित प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। प्रस्ताव का अवलोकन किया गया, प्रकरण में उक्त रास्ता का पिछले 45 वर्षो से आवागमन हेतु उपयोग में लिया जा रहा है साथ ही उक्त रास्ता को भू-अभिलेख में दर्ज किये जाने से लगभग 500 से अधिक हितबद्व खातेदारों/काश्तकारों को अपनी आराजी में आने-जाने एवं रास्ता की सुविधा, आत्यंतिक आवश्यकता होने से उक्त रास्ता को भू-अभिलेख में दर्ज किया जाना पूर्णतया औचित्यपूर्ण, आवश्यक, उचित, विधिसंगत एवं वृहद्व लोकहित में है। इस संबंध में तहसीलदार जैतारण द्वारा प्रस्तुत फर्द मौका रिपोर्ट में खातेदारों ने भी सहमति स्परूप अपने हस्ताक्षर किये है।

अतः राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक राजस्व (ग्रुप-6) विभाग जयपुर के परिपत्र पत्रांक/प. 4(10)राज.-6/2024/19 जयपुर दिनांक 21.05.2025 के अनुसरण में चालु स्थाई रास्तों के राजस्व अभिलेख में अंकन की कार्यवाही के संबंध में उक्त रास्तो का राजस्व अभिलेख में अंकन हेतु राजस्थान भू0 राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 131 एवं 132 तथा राजस्थान भू-अभिलेख नियम 1957 के नियम 58, 59, 60, 66 एवं 86 के प्रावधानानुसार तहसीलदार (भू.अ.) जैतारण द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के आधार पर निम्न खसरान् के सम्मुख उल्लेखित रकबों मे से कॉलम संख्या (ख) में अंकित रकबा की भूमि खातेदारी की आराजी में से कम करते हुए उसी खातें में प्रस्ताव के सलंग्न मौका फर्द दिनांक 26.12.2024 में अंकित नजरी नक्शानुसार गैर मुमकीन रास्ता घोषित् करते हुए भू-अभिलेख में इन्द्राज एवं तरमीम किए जाने के निर्देश प्रदान किए जाते है। सलंग्न मौका फर्द दिनांक 26.12.2024 इस आदेश का भाग माना जाए। तहसीलदार जैतारण उक्त आदेश की नियमानुसार अनुपालना करते हुए भू-अभिलेख में अमल दरामद करें एवं बाद अमल दरामद रेकर्ड की प्रति सहित पालना प्रेषित करें।

प्रकरण संख्या 245/2025 ग्राम का नाम : तालकिया पटवार मण्डल : पिपलिया खुर्द

वर्तमान जमाबन्दी में दर्ज प्रविष्टि (क)					नवीन (रास्ता हेतु) दर्ज प्रविष्टि (ख)			
क्रसं.	खाता सं.	खसरा नं0	रकबा हैक्टर में	किस्म जमीन	खाता संख्या	खसरा नं0	रकबा हैक्टर में	किस्म जमीन
1	232	405/135	2.0399	चा.प्र.	232	405/135/1	0.0194	गै.मु.रास्ता
2	87	134	2.8895	चा.दो.	87	134/1	0.0566	गै.मु.रास्ता
3	176	58	2.0639	चा.दो.	176	58/1	0.0350	गै.मु.रास्ता

(रवि प्रकाश) RAS
उपखण्ड अधिकारी, जैतारण

क्रमांक/कोर्ट/2025/668-671

दिनांक :-29/7/25

प्रतिलिपि :- निम्न को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

1. श्रीमान जिला कलक्टर महोदय (भू0अ0) ब्यावर को सूचनार्थ। ।
2. तहसीलदार (भू0अ0) जैतारण को पालनार्थ।
3. पटवारी हल्का पिपलिया खुर्द।
4. कार्यालय प्रति।

उपखण्ड अधिकारी, जैतारण